This question paper contains 4+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....

3232

Concurrent Course for Hon. Prog./I Sem. B

HINDI LANGUAGE (Lower)—Qualifying Course

हिंदी भाषा (अवर)—योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

(प्रवेशवर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

नोट :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिंदी के भौगोलिक विस्तार का सोदाहरण परिचय दीजिए। **10**

अथवा

भाषा का अर्थ स्पष्ट करते हुए जीवन में भाषा के महत्व पर प्रकाश डालिए।

2. भाषा और बोली के अन्तर को रेखांकित करते हुए इनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

P.T.O.

अथवा

हिंदी के मानकीकरण की समस्या पर विचार कीजिए।

3. (क) निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में दिए व्याकरणिक रूप छाँटिए : 3

(*i*) स्वार्थी व्यक्ति मित्रता के महत्व को नहीं समझता। (विशेषण)

(*ii*) तुम प्रतिदिन पढ़ने आया करो। (क्रिया)

(*iii*) तुमने सारे पाठ पढ़ लिए होंगे। (सर्वनाम)

(*iv*) लोग धीरे-धीरे ताजमहल की ओर बढ़ रहे थे। (क्रिया विशेषण)

(ख) किन्हीं छः के विलोम लिखिए : 3

कर्म, स्वाधीन, धर्म, मानव, पवित्र, थोड़ा, मृत्यु, निर्माण।

(ग) किन्हीं छः के दो-दो पर्याय लिखिए : 3

अग्नि, सूर्य, दूध, कमल, मित्र, गंगा, शत्रु, आकाश।

(घ) किन्हीं **छः** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

त्यौहार, अत्याधिक, श्रीमति, दिवाली, मृत्यू, पराकृम, वयाकरण, सौर्न्दय।

(ङ) किन्हीं **तीन** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

(*i*) अनेकों बालक तैर रहे हैं।

(*ii*) मैं बाजार को जा रहा हूँ।

(*iii*) तुम तुम्हारा काम करो।

(*iv*) मेरे से चला नहीं जाता।

(*v*) राम, लक्ष्मण और सीता वन को गई।

(च) किन्हीं **तीन** मुहावरों के अर्थ लिखकर इनसे वाक्य बनाइए : 3

(*i*) ईद का चाँद होना

(*ii*) कान भरना

(*iii*) उल्लू बनाना

(*iv*) दाल न गला

(*v*) धुन का पक्का।

(छ) किन्हीं **तीन** लोकोक्तियों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 3

(i) ऊँची दुकान फीका पकवान

(ii) आम के आम गुठलियों के दाम

(iii) काला अक्षर भैंस बराबर

(iv) खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे

(v) घर का भेदी लंका ढाए।

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए (अधिकतम **200** शब्द) : 20

(क) परिश्रम सफलता की कुंजी है।

(ख) एकता में बल है।

अथवा

किसी **एक** पर अनुच्छेद लिखिए :

(क) विज्ञापन और समाज

(ख) बेरोजगारी : एक समस्या

5. (क) परीक्षा में असफल हुए मित्र को पुनः अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए पत्र लिखिए। 10

अथवा

अपने पिता को एक पत्र लिखकर बताइए कि आपके महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव किस प्रकार मनाया गया।

(ख) एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को उसके पत्र में निरन्तर बढ़ रही भाषागत त्रुटियों के संदर्भ में एक शिकायती-पत्र लिखिए। 10

अथवा

परीक्षा के दिनों में लाउडस्पीकरों के कारण पढ़ाई में होने वाली बाधा की ओर ध्यान दिलाते हुए अपने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखिए।

6. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए (400 शब्द) : 20

(*i*) 21वीं सदी का भारत

(*ii*) वैश्वीकरण की चुनौतियाँ

(*iii*) मेरा प्रिय नेता

(*iv*) वर्तमान युग और सूचना क्रान्ति।